



# दिन में उमस भरी गर्मी और रात में पड़ रही गुलाबी ठंड

## आसमान में बादलों का डेरा, दिन का नहीं कम हो रहा तापमान, किसान भी परेशान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अक्टूबर, दीपावली के बाद से उम्मीद थी कि कड़ाके की ठण्ड शुरू हो जायेगी, लेकिन लगातार आसमान में बादल बने हुए है. चौथे दिन भी बादल छाये रहे और दिन का अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री पहुंच गया. जबकि रात का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री रहा. दिन में बादलो के चलते उमस भरी गर्मी बनी हुई है और शाम ढ़लने के बाद गुलाबी ठंड बढ़ जाती है.**



दरअसल बंगाल की खाड़ी से नमी लेकर आ रही हवाओ का असर जिले में बादलो के रूप में पड़ रहा है. चार दिन से आसमान में बादल बने हुए है और दिन का अधिकतम तापमान कम नही हो रहा है. शुक्रवार को जहा दिन का अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री रहा, वही शनिवार को हल्का तापमान कम हुआ. दिन भर बादल छाये रहे और सूर्यदेव के दर्शन नही हुए. मौसम विभाग की माने तो अभी दो चार दिन इसी तरह मौसम रहेगा. जैसे ही आसमान साफ होगा ठंड का असर और बढ़ेगा. आद्रता 91 प्रतिशत रही सुबह की और शाम की आर्द्रता 78 प्रतिशत रही. बादलो के चलते उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल है, इसका असर लोगो के कामकाज पर भी पड़ रहा है. रात के तापमान में भले ही गिरावट आ गई है लेकिन दिन का तापमान कम नही हो रहा है. इस समय किसानो ने रवी की बोनी भी शुरू कर दी है. धान की कटाई भी चल रही है मौसम के बदले मिजाज को लेकर किसान परेशान है. अगर बारिश हुई तो फसलो को नुकसान होगा. दलहनी फसलो की बोनी इस समय किसान कर रहे है. दिन और रात के तापमान में जिस तरह से अंतर है उसके कारण बीमारी भी बढ़ रही है. उम्मीद है कि 1 नवम्बर से कड़ाके की ठंड शुरू हो जायेगी. हालाकि बादलो के हटने के बाद ही ठंड असर दिखाना शुरू कर देगी. गर्म पकड़ो की दुकाने भी सजकर तैयार हो गई है.

### मौसमी बीमारी से अस्पताल में बढ़े मरीज

इस समय जिस तरह से मौसम है उसका असर सीधे मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है. दिन में गर्मी और रात में ठंड स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है. मौसमी बीमारी के चलते अस्पताल में मरीजो की संख्या तेजी से बढ़ी है. संजय गांधी अस्पताल के आउटडोर में प्रतिदिन लगभग 1800 मरीज पहुंच रहे है और इसी तरह जिला चिकित्सालय एवं सुपर अस्पताल में भी अन्य दिनो के अपेक्षा इस समय मरीजो की संख्या ज्यादा है. चिकित्सको का कहना है कि मौसम में बदलाव हुआ है, जिसकी वजह से बुखार, वायरल, सर्दी-जुखाम आदि बीमारी से पीड़ित मरीज अस्पताल पहुंच रहे है. जैसे ही मौसम ठंडा होगा बीमारी से राहत मिलेगी. इस समय हालत यह है कि अस्पताल में बेड़ तक खाली नही है.

# टैम्पो-टैक्सी के ठेकेदार कर रहे अवैध वसूली, ननि ने दिया नोटिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अक्टूबर, नगर निगम रीवा द्वारा टैम्पो-टैक्सी एवं व्यावसायिक वाहनों से शुल्क वसूली करने वाले ठेकेदार द्वारा नियम और अनुबंध की शर्तो का उल्लंघन किया जा रहा है. बगैर परिचय पत्र और ड्रेस के ठेकेदार के कर्मचारी अवैध वसूली करते पाए गये, जिसको लेकर नोटिस जारी की गई.**

उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी अवैध वसूली की शिकायत को लेकर नोटिस दी गई थी, लेकिन उसके बाद भी कोई कार्यवाही नही की गई. लगातार अवैध वसूली और अनुबंध शर्तो का उल्लंघन किया जा रहा है. नगर पालिक निगम रीवा द्वारा टैम्पो-टैक्सी एवं व्यावसायिक वाहनों से शुल्क वसूली के संबंध निर्धारित टैम्पो-टैक्सी स्टैण्ड फीस एवं व्यावसायिक वाहनों से व्यवसाय शुल्क वसूली स्थलों का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान नियमों के उल्लंघन के कारण ठेकेदार मेसर्स एस.डी. ग्रुप्स एण्ड एजेन्सी, प्रो0 शुभम कुमार द्विवेदी को ठेका निरस्त करने की कार्यवाही हेतु नोटिस जारी की गई है. उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम रीवा से टैम्पो-टैक्सी स्टैण्ड फीस वसूली एवं व्यावसायिक वाहनों से व्यवसाय शुल्क वसूली कार्य हेतु 17.04.2025 से 12 माह के लिए निगम द्वारा निर्धारित शर्तों के तहत मे0 एस.डी. ग्रुप्स एण्ड एजेंसी को अधिकृत किया गया है. निरीक्षण में पाया गया कि वसूली स्थलों में वसूली कर्मचारी अनुबंध की कंडिका-8 के अनुसार गोल्डन कलर का ड्रेस नहीं पहने थे. निगम से प्रमाणित फोटो परिचय-पत्र नहीं लगाये थे. चोरहटा, ढेकहा तिराहा, रतहरा बाइपास में वसूली कर्मचारी बिना परिचय-पत्र के थे. निपनिया और कुठुलिया में परिचय-पत्र लगाये हुए थे. वसूली हेतु निर्धारित 10 स्थलों में मात्र कुठुलिया में रेट सूची का फ्लैक्स बोर्ड लगा है, अन्य किसी स्थान में रेट सूची का फ्लैक्स बोर्ड नहीं लगाया गया, जो अनुबंध कंडिका-9 का उल्लंघन है. चिरहुला मंदिर के आगे रामसागर मोड़ एवं गड्डी रोड महाजन टोला के पास ठेकेदार द्वारा जारी परिचय-पत्र लगाकर वाहनों से अवैध वसूली ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा की जा रही है, जो अनुबंध की कंडिका-6 का उल्लंघन है. निर्धारित वसूली स्थल पर सी.सी.टी.व्ही. कैमरा नहीं लगाया गया है, अनुबंध की शर्तो का उल्लंघन किये जाने पर नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर जवाब मांगा गया है. जवाब संतोषजनक न होने पर ठेका निरस्त किया जायेगा.

## संक्षिप्त

### आहरण संवितरण अधिकारी वेतन कल तक करें जनरेट

**रीवा,** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार शुक्ला ने जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारियों से 27 अक्टूबर तक वेतन देयक जनरेट करने का अनुरोध किया है. उन्होंने कहा है कि सभी अधिकारी निर्धारित तिथि तक अनिवार्यत: वेतन देयक जनरेट कर दें जिससे एक नवम्बर को शत-प्रतिशत अधिकारियों-कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जा सके. समय पर वेतन जनरेट न करने पर माह की पहली तारीख को वेतन दिया जाना संभव नहीं होगा. जिन अधिकारियों, कर्मचारियों का वेतन किसी कारणवश रोका गया है, उन्हें छोड़कर शेष सभी के वेतन देयक जनरेट कर दें.



### शिविर में न्यायाधीशों ने दी विधिक जानकारी

**रीवा,** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीवा के तत्वाधान में मुफ्त एवं सक्षम विधि सेवाएँ प्रदान करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल, कॉलेज और महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु जो आर्थिक या किसी अन्य विषम कारण से न्याय प्राप्त करने से वंचित रहते हैं, के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. यह शिविर प्रधान न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान के संरक्षण एवं निर्देशन के तहत आयोजित हुआ. ये शिविर स्वर्गीय बृजराज सिंह तिवारी स्मृति हायर सेकेंडरी स्कूल मनिकवार पीएम श्री सहित सरस्वती शिशु मंदिर, गांधी पब्लिक स्कूल, कृष्णा पब्लिक स्कूल, विवेक ज्योति स्कूल, शासकीय माध्यमिक विद्यालय हिनौती, शासकीय माध्यमिक विद्यालय शुकुलगवां एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेलहाई में लगाए गए. शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती शिवानी शर्मा ने छात्र-छात्राओं को कानून के विभिन्न विषयों की जानकारी दी. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश समीर मिश्रा ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध आदि के बारे में बताया. न्यायिक दंडाधिकारी यश अबिद्रा द्वारा विभिन्न अपराधों से जागरूकता एवं बचाव की जानकारी दी गई. जिला विधिक सेवा अधिकारी अभय मिश्रा ने प्राधिकरण के उद्देश्यों को बताया. राजकुमार सिंह तिवारी ने न्यायाधीशगणों का आभार व्यक्त कर विद्यार्थियों को विधिक जानकारी दी. शिविर में प्राचार्य अमरजीत तिवारी सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य मौजूद रहे.

# कायाकल्प योजना की सड़कों की जांच करने आएगा दल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अक्टूबर, रीवा नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत कायाकल्प योजना के तहत सड़को के किये गये निर्माण कार्य की जांच के लिये भोपाल से दल 29 अक्टूबर को रीवा आएगा और सड़को की गुणवत्ता की जांच करेगा.**

दरअसल नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को महापौर अजय मिश्रा बाबा ने तीन बिन्दुओ का पत्र लिखा था. जिसमें बताया था कि कायाकल्प के कार्यो की मानीटरिंग सही तरीके से नही की गई है. अवैध कालोनी एवं जहा पर घर नही है वहा सड़के बन गई है. पत्र में महापौर ने आरोप लगाया था कि भोपाल से अधिकारी रीवा पहुंचे, लेकिन जिन ठेकेदारो का काम ठीक था उनकी सड़क देख कर लौट गए. न तो महापौर से और न ही वार्ड पार्षद से मिले. 23 सितम्बर को नगरीय विकास मंत्री को महापौर द्वारा दिये गये पत्र के बाद अब कायाकल्प के कार्यो की जांच करने भोपाल से जांच दल भेजने की तैयारी की गई है. सूत्रो से मिली जानकारी के मुताबिक 29 या 30 अक्टूबर को जांच दल रीवा आ सकता है. कायाकल्प योजना के तहत सड़को में डामरीकरण सहित अन्य कार्य कराये गये है. कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान नही दिया गया. अब देखना यह है कि जांच टीम कौन-कौन सी सड़को की जांच करती है.

# शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार व मानवीय गुणों का होना आवश्यक : शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अक्टूबर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार व मानवीय गुणों का होना आवश्यक है. जिस प्रकार सुंदर फूल में खुशबू न हो और शिक्षित व्यक्ति में संस्कार न हो तो वह देश व समाज के किस काम का.**

उप मुख्यमंत्री ने सैनिक स्कूल रीवा में अखिल भारतीय सैनिक स्कूल खेल प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ किया. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल प्रतियोगिता में कश्मीर से लेकर केरल तक के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं. आप सब पूरे प्रयास से जीतने की कोशिश करें और आगे बढ़ें. यदि नहीं जीत पाते हैं तो जीतने की ललक मन में रहे. उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल रीवा देश के प्रमुख सैनिक स्कूलों में है. इस स्कूल का मस्तक गर्व से और ऊंचा हो जाता है क्योंकि देश के थल सेनाध्यक्ष व नौ सेनाध्यक्ष इसी स्कूल के विद्यार्थी हैं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सेना ने जो शौर्य दिखाया है उसमें इन दोनों सेनाध्यक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है. उप मुख्यमंत्री ने खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा सैनिक स्कूल प्रबंधन से अपेक्षा की कि सभी को व्हाइट टाइगर सफारी का भ्रमण अवश्यक कराएं. उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के समापन समारोह में थल सेनाध्यक्ष व नौ सेनाध्यक्ष रीवा आएंगे जो हम सबके लिए गर्व की बात होगी. इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने सैनिक स्कूल में वीर शहीदों के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया. उन्होंने कहा कि राष्ट्र की रक्षा में अपना बलिदान देने वाले अमर शहीद हमें अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देते रहेंगे. सैनिक स्कूल रीवा के तत्वावधान में स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक बास्केट बाल, वॉलीबाल तथा एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम में पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल सहित प्रतिभागी छात्र-छात्राएं एवं आफिशियल्स उपस्थित रहे.


सैनिक स्कूल में खेल प्रतियोगिता के दौरान मसाल जलाते उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल

# छठ का व्रत रखकर सूर्य को अर्घ्य देगी व्रतधारी महिलाएं

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अक्टूबर, नहाए -खाए से छठ महापर्व की शुरुआत हो चुकी है. चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व में छठी मैया और सूर्य देवता की पूजा की जाती है. छठ का व्रत महिलाएं संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए है.**

भोजपुरी सांस्कृतिक उत्सव मंच के अध्यक्ष नन्दजी तिवारी उर्फ मंटू ने बताया कि नहाए-खाए छठ महापर्व के पहले दिन की विधि होती है, जिसमें व्रती अपने शरीर और मन को शुद्ध करने के लिए इस प्रक्रिया का पालन करते हैं. व्रती प्रात: काल गंगा, नदी, तालाब या किसी पवित्र जलाशय में स्नान करते हैं. छठ पूजा का दूसरा दिन होता है. इसे लोहंडा या खरना व्रत भी कहा जाता है. इस दिन व्रती पूरे दिन बिना अन्न और जल के उपवास रखते हैं, छठ पूजा का तीसरा दिन सबसे विशेष और भव्य माना जाता है. इसे संध्या अर्घ्य या संध्या घाट पूजा कहा जाता है. इस दिन व्रती शाम के समय अस्त सूर्य को अर्घ्य देते है चौथा दिन इस महापर्व का अंतिम दिन होता है.

# बघेलखंड में जन्मी प्रतिभा हमारे क्षेत्र की शान है : महापौर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अक्टूबर, आज बघेलखंड भवन, भोपाल में बघेलखंड सांस्कृतिक भवन ट्रस्ट द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही गरिमामयी वातावरण में किया गया. कार्यक्रम में क्षेत्र की विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया.**



इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में रीवा महापौर अजय मिश्रा बाबा उपस्थित रहे. समारोह में पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक अजय सिंह राहुल, विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, तथा राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह उपस्थित रही. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया. इस अवसर पर महापौर अजय मिश्रा बाबा ने कहा कि बघेलखंड की धरती पर जन्मी प्रत्येक प्रतिभा हमारे क्षेत्र की शान है, और इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को प्रेरणा देने का कार्य करते हैं. बघेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर एवं परंपराओं को सहेजने तथा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के इस प्रयास की सराहना की. कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बघेलखंड सांस्कृतिक भवन ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं आयोजकों को साधुवाद दिया गया.

# रीवा के कार्यकर्ता संगठनात्मक मामलों में अव्वल रहे हैं : कांतदेव

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अक्टूबर, भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह का आज प्रथम रीवा आगमन हुआ, जहां भाजपा कार्यालय अटल कुंज में स्वागत हुआ.**



जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह हम सबके लिए गौरव का विषय है कि कांत देव सिंह को दूसरी बार प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है. कांतदेव सिंह इसके पूर्व भी प्रदेश उपाध्यक्ष रहे तथा अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया है मैं उम्मीद करता हूं कि हम रीवा जिले के कार्यकर्ताओं को उनका पर्याप्त मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा. अपने उद्बोधन में कांत देव सिंह ने कहा कि मैंने अपने पिछले कार्यकाल की शुरुआत भी रीवा से ही की थी और इस बार भी जिम्मेदारी मिलने के बाद आज मैहर में मां शारदा के चरणों में माथा टेकने के बाद मैं सर्वप्रथम रीवा आया हूं और रीवा से ही अपने इस नवीन कार्यकाल का शुभारंभ कर रहा हूं मैं रीवा से विशेष लगाव रखता हूं रीवा के कार्यकर्ता मध्य प्रदेश में संगठनात्मक मामलों में हमेशा अब्बल रहे हैं.

मैं हमेशा ही खुद को आप के ही परिवार का सदस्य मानता हूं. कार्यक्रम में विधायक नरेंद्र प्रजापति, जिला महामंत्री उमाशंकर पटेल, विवेक गौतम, जीवन लाल साकेत, पूर्व जिला अध्यक्ष विद्या प्रकाश श्रीवास्तव, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी डॉ अनिल पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ममता गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती मनीषा पाठक, शरद साहू मौजूद रहे.

### कन्या विवाह 2 नवंबर को

**रीवा, 25 अक्टूबर,** 2 नवंबर देवउठनी एकादशी को मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह कार्यक्रम का आयोजन रीवा जिले के लिए मार्तंड क्रमांक 3 रीवा के ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा. कुल 23 प्रथम दर्ज आवेदक नगर पालिक निगम रीवा से चुने जाएंगे. इस हेतु 29 अक्टूबर तक सायं 5 बजे तक दर्ज आवेदन ही मान्य किए जाएंगे एवं समस्त आवेदन नगर निगम मुख्य कार्यालय में जमा किए जाएंगे. आवेदन की प्रमुख शर्तें हैं जिनमें - समग्र केवाईसी वर एवं वधु की होनी अनिवार्य है एवं समग्र प्रिंट आउट आवेदन जमा करने की तिथि का होगा.

# पीएचडी प्रवेश परीक्षा में की गई गड़बड़ी को लेकर राज्यपाल से शिकायत कर लड़ेंगे लड़ाई : अभिषेक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अक्टूबर, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय इस समय पीएचडी प्रवेश परीक्षा में की गई गड़बड़ी को लेकर सुर्खियो में है.**



छात्र एवं अधिवक्ता अभिषेक तिवारी सहित अन्य छात्रो ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर कई आरोप पत्रकारवार्ता के दौरान लगाए और कहा कि पूरे मामले को लेकर राज्यपाल से मिलेगे. साथ ही ईओडब्ल्यू से जांच कराने की मांग की है. अभिषेक तिवारी ने बताया कि विश्विद्यालय द्वारा पी एच डी के लिये जारी कॉमन अध्यादेश का पालन न करते हुए नियम विरुद्ध तरीके से प्रवेश परीक्षा करायी गयी. इस प्रवेश परीक्षा मे कुलगुरु एवं उनके नजदीकी लोगों द्वारा अनेकों प्रकार से गड़बड़ियां की गयी. सबसे पहले तो प्रश्न पत्र तैयार करने मे ही भ्रष्टाचार किया गया. नियमानुसार परीक्षा समिति द्वारा दिये जाने वाले पैनल से ही परीक्षकों की नियुक्ति की जाती हैं जिनके द्वारा प्रश्न पत्र बनाये जाते हैं लेकिन अपने चाहेतो को लाभ देने के उद्देश्य से पैनल से हटकर नियमविरुद्ध परीक्षक नियुक्त किये गये. पूरा संदेह है की नियम विरुद्ध अपने मन के परीक्षक नियुक्त कर प्रश्न पत्र भी लीक किया गया. प्रश्न पत्रों के मूल्यांकन मे भी भ्रष्टाचार किया गया. पूर्व मे हुई प्रवेश परीक्षा में मूल्यांकन सीसीटीवी कैमरे की निगरानी मे विश्वविद्यालय के मूल्यांकन केंद्र मे कराया गया किन्तु इस बार मूल्यांकन मे संदेह व्यक्त किया जा रहा की वह कुलगुरु के आवास से बिना किसी नोडल की नियुक्ति के अपने चहेते परीक्षको को सौपकर कराया गया है. पूरे मामले को लेकर राज्यपाल से मिलकर शिकायत की जाएगी.

### नियम विरुद्ध तरीके से प्रश्नपत्र निर्माण का आरोप

अवधेश प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी में पीएचडी प्रवेश परीक्षा की पेपर निर्माण में नियमो की अनदेखी हुई है जब की अध्यादेश 11 की धारा 968 में साफ़ साफ़ लिखा है की पेपर पैनल द्वारा निर्माण कराया जाएगा एवं विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 44 भी यही प्रावधान करती है, किंतु विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रश्न पत्र निर्माण में नियम विरुद्ध तरीके से प्रश्न पत्र निर्माण कराया तथा कई विषयों के पेपर निजी महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा बनवाया जिनके द्वारा पेपर लीक किया गया साथ ही आरोप लगाया गया कि कुलगुरु द्वारा अपने गृह जिले जबलपुर में अपने चाहेते लोगों के द्वारा पेपर निर्माण कराया.

# न्याय पाने दो दिन से अनशन पर बैठे बस संचालक



नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अक्टूबर, रीवा के मां वैष्णो बस के संचालक संतोष तिवारी न्याय पाने के लिये कलेक्ट्रेट के सामने दो दिन से आमरण अनशन पर बैठे है लेकिन प्रशासन ने अभी तक कोई खोज खबर नही ली.**

दरअसल बस आपरेटर संतोष तिवारी ने दर्शन सिंह नामक व्यक्ति पर भरोसा कर अपनी बसे चलाने के लिये सौप दी. जो कि जय भवानी के नाम से ट्रेवल्स खोल रखा था और कई माह तक बसो का संचालन होता रहा. कुछ समय बाद संतोष तिवारी ने अपनी बसे वापस मांगी और हिसाब करने के लिये कहा तब दर्शन सिंह ने मेंटीनेंस का बहाना बताकर 8 बसे गायब कर दी. जिस पर संतोष तिवारी ने सिविल लाइन थाने में प्रकरण दर्ज कराया और दो माह में पुलिस केवल एक बस पकड़ पाई, 7 बजे आज तक लापता है. फरियादी केवल आवेदन लेकर भटक रहा है. जब कहीं कोई सुनवाई नही हुई तो मजबूरन कलेक्ट्रेट के सामने आमरण अनशन पर बैठ गये. दो दिन से अनशन चल रहा है, समर्थन देने वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र द्विवेदी, रमेश तिवारी पहुंचे.